29/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

संसद के दोनों सदनों में आज शीतकालीन सत्र के लगातार चौथे दिन भी व्यवधान जारी रहा। एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वत के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के विरोध के कारण राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तब सभापति जगदीप धनखड़ ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करने वाले विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

000000000000000

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल यानि तीस नवंबर दो हजार चौबीस को अरुणाचल प्रदेश के दोईमुख और ईटानगर में एक दिवसीय दौरे में रहेंगे। दौरे के दौरान, उप-राष्ट्रपति राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स दोईमुख के बाईसवें दिक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं ईटानगर में अपने दौरे के दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अरुणाचल प्रदेश राज्य विधान सभा की विशेष सत्र को संबोधित करेंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड और भारत तिब्बत सीमा पुलिस नॉर्थ ईस्ट फ्रन्टियर ने आज मुख्यमंत्री पेमा खांडू की उपस्थिति में ईटानगर में मिशन अरुण हिमवीर के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस पहल के तहत राज्य सरकार विपणन बोर्ड के माध्यम से स्थानीय किसानो, एस एच जी एक पी ओ और किसान सहकारी समितियों से खरीदे गए फल, सब्जिया, मांस और पोल्ट्री उत्पादों की आपूर्ति आई टी बी पी को करेगी। श्री खांडू ने कहा कि मिशन हिमवीर का उन लोगों के 'रिवर्स माइग्रेशन" पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जो अपने गांवो को छोड़कर कस्बों और शहरों की ओर चले गए थे। अरुणाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड का लक्ष्य है कि एक साल में दस करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया जाए। इससे पहले, अगस्त दो हजार बाईस में राज्य सरकार ने भारतीय सेना के साथ इसी तरह के समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे राज्य के स्वदेशी किसानों से बहत्तर लाख रुपए मूल्य में चार सौ टन फलों और सब्जियों की आपूर्ति करने में मदद मिली थी।

0000000000000000

सेंट कलैरेट कॉलेज, जीरों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली और राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स दोईमुख द्वारा स्वायत्त दर्जा दिया गया है। सेंट क्लैरेट कॉलेज अरुणाचल प्रदेश का ऐसा पहला कॉलेज है जिसे यह प्रतिष्ठि दर्जा दिया गया है। इस कॉलेज की स्थापना पूर्वोत्तर भारत के प्रांत के क्लैरेटियन मिशनरियों के तत्वावधान में पंजीकृत चेरिटेबल सोसायटी क्लैरेटियन फॉर्मेशन एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया द्वारा की गई है। एस सी सी जेड की आधारशिला दिसंबर दो हजार दो में रखी गई थी और पहला शैक्षणिक सत्र ग्यारह अगस्त दो हजार तीन को शुरु हुआ था। कॉलेज को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से दो बार ग्रेड 'ए' की मान्यता भी मिल चुकी है।

0000000000000000000000000

नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले महीने की 6 तारीख को तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव 2024 का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस महोत्सव में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्य - अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा और सिक्किम की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और कारीगरी संपदा का प्रदर्शन किया जाएगा। आज नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह आयोजन पूर्वोत्तर भारत और देश के बाकी हिस्सों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक अंतरको दूर करेगा। अष्टलक्ष्मी महोत्सव दुनिया के लिए पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के जीवन, संस्कृति और विरासत को देखने का एक अवसर होगा।

केंद्रीय मंत्री ने **महोत्सव का** प्रतिक '**पूर्वी**' **है**, **जो पूर्वोत्तर का प्रतिनिधित्व करने वाली एक युवा लड़की है**, का उद्घाटन भी किया जिसकी **पोशाक पूर्वोत्तर के प्रत्येक राज्य की प्राकृतिक सुंदरता**, **परिदृश्य और समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती है। महोत्सव में प्रत्येक पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम के दौरान पैनल चर्चा के लिए मौजूद रहेंगे।**

0000000000000000000000000

याचुली विधायक तोको तातुंग ने राजकीय महाविद्यालय याचुली में भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत आई आई ई गुवाहाटी द्वारा कार्यान्वित उद्यमिता विकास परिषद का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य रेजिर कार्लो और अतिरिक्त जिला उपायुक्त सूरज गुरुंग और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कॉलेज छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सत्र दो हजार चौबीस - पच्चीस के लिए शेष मेस शुल्क का पचास प्रतिशत उनके द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। उन्होंने आगामी सत्र के लिए पहले तीन सौ छात्रों के लिए प्रवेश शुल्क उनके द्वारा वहन करने की घोषणा भी की। श्री तातुंग ने कॉलेज के लिए कुछ अन्य विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं की भी घोषणा की।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. भूपेन हजारिका अरुणाचल प्रदेश के लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखते है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने कहा कि डॉ. भूपेन हजारिका ने अपनी भावपूर्ण आवाज और शक्तिशाली कलम के माध्यम से हमारे राज्य की लुभावनी प्रकृति और जीवंत संस्कृति के सार को अपने गीतों में खूबसूरती से उकेरा है। मुख्यमंत्री ने भूपेन हजारिका सांस्कृतिक ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और अगले साल उनकी सौं वीं जयंती को मनाने की योजनाओं पर चर्चा की।

0000000000000000000

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाघे ने गत बुधवार को पासीघाट में बाकिन पर्टिन जनरल अस्पताल और प्रशिक्षण केंद्र में पी एम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत निर्मित एक जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

पासीघाट डीविजन के शहरी विकास एवं आवास विभाग द्वारा क्रियान्वित इस परियोजना से डायक्नोस्टिक सेवाओं द्वारा जरुरतमंद मरीजो को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करने में वृद्धि होने की उम्मीद है।

00000000000000000000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में जनसंख्या अनुपात के अनुसार 811 लोगों पर एक डॉक्टर कार्यरत है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और राज्य चिकित्सा परिषदों में 13 लाख 86 हजार से अधिक एलोपैथिक डॉक्टर और 6 लाख 14 हजार आयुष डॉक्टर पंजीकृत हैं। श्रीमती पटेल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तीन सौ 87 से बढ़कर सात सौ 80 हो गई है। 2014 से अब तक एम.बी.बी.एस. की सीटों में एक सौ 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में कुल सीटें 51 हजार 348 से बढ़कर करीब 1 लाख 18 हजार हो गई हैं।

00000000000000000000